सार-समाचार

कलाकारों ने करतब दिखाए

राजगढ़, (नि.सं.)। सिंह सभा गुरुद्वारा की ओर से गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व को लेकर शुक्रवार को नगर कीर्तन में बाहर से आए कलाकारों की ओर से दी गई प्रस्तुतियां के दर्शक कायल हो गए। इस दौरान एक से बढ़कर एक कलाकारों ने करतब दिखाये।इससे पूर्व उत्साह एवं उल्लास के साथ नगर कीर्तन निकाला गया। इस दौरान सिंह सभा गुरुद्वारा पर भव्य सजावट एवं रोशनी प्रमुख आकर्षण का केंद्र रही। ।सिंह सभा गुरुद्वारा की ओर से नगर कीर्तन में पंज प्यारों की सवारी निकाली गई जिसमें श्रद्धालु महिला पुरुषों की ओर से पूजा अर्चना की। सिंह सभा गुरुद्वारा से जुडे सुरजीत सिंह ने बताया कि नगर कीर्तन के दौरान तलवारबाजी एवं अन्य आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। पुरुषार्थी समाज की ओर से समाज की ओर से चौपड़ बाजार में एवं अन्य समाजों के प्रमुख लोगों की ओर से प्रमुख मार्गो में भव्य स्वागत किया गया एवं पुष्प वर्षा की।नगर कीर्तन कस्बे के चौपड़ बाजार, भवानी सहाय स्मारक, गणेशपोल मालाखेड़ा बाजार, बस स्टैंड एवं गोल मार्केट होते हुए सिंह सभा गुरुद्वारा पंहुचा । इस दौरान कुलदीप सिंह, सतपाल सिंह, जसवीर सिंह सानू, बंटी एवं भारी संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे। सिंह सभा गुरुद्वारा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 दिसंबर को प्रभात फेरी का समापन होगा। 4 जनवरी को प्रातः 10 बजे अखंड पाठ गुरुद्वारा साहिब में रखा जाएगा।जिसका समापन 6 जनवरी को प्रातः 10 बजे होगा।6 जनवरी को कीर्तन दरबार सजाया जाएगा जिसमें भाई हरनेक सिंह एवं सुरजीत सिंह शब्द गायन करेंगे।इस अवसर पर बच्चों का कभी दरबार एवं अटूट लंगर सहित कार्यक्रम आयोजित होंगे।

नम आंखों से चेतना को दी श्रद्धांजलि

पावटा, (नि.सं.)। कोटपुतली बहरोड जिले के कीरतपुरा में 23 दिसंबर को बोरवेल में गिरी तीन साल की मासूम चेतना 9 दिन चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद भी जिंदा वापस नहीं आ सकी 9 दिन के लंबे बचाव अभियान के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका। 3 साल की चेतना को बुधवार को बोरवेल से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक मासूम चेतना मौत के आगोश में सो चुकी थी। मासूम चेतना को शुक्रवार को पावटा घंटाघर चौक पर स्थानीय लोगों ने एक साथ मिलकर श्रद्धांजलि अर्पित की। स्थानीय लोगों ने मासूम चेतना को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा उसके बाद अपनी संवेदनाए जाहिर की। इस दौरान स्थानीय लोगों ने मासूम चेतना के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी की। इस दौरान लोगों की आंखों में आंसू भर आए। कीरतपुरा गांव की मासूम चेतना की बोरवेल हादसे में मौत के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। इस दौरान समाजसेवी ओपी बायला, सुनील बोहरा, सरदार मल यादव गुरूजी, नरेश यादव गुरूजी, बाबूलाल यादव, सेठ रतन गोयल, महेश गुप्ता, विकास गिठाला, सुभाष आर्य, यादराम यादव, सुभाष सैनी, नरेश बंसल, मोहन सैन, रामकरण स्वामी, धर्मेन्द्र गुर्जर, साहिल बायला, नरेश सिसोदिया, कालू जाट सहित ठामीण उपस्थित रहे।

नशा नहीं करें: डॉ. रामजी लाल बैरवा

निवाई, (नि.सं.)। राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन विभिन्न गतिविधियों के तहत नशा मुक्ति शिविर के तहत मानसिक स्वास्थ्य की भूमिका विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। डॉ. रामजीलाल बैरवा ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि युवापीढी को अपने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति नशे का शिकार होता है और अपने जीवन का विनाश कर लेता है। नशे को एक बीमारी के रूप में लेकर उसका मनोचिकित्सक से उचित इलाज लेना आवश्यक होता है। किसी भी प्रकार का नशा जीवन के नाश का कारण बनता है। प्राचार्य डॉ. दीपकराज जैन ने कहा कि किसी भी प्रकार के नशे को ना कहे और ना हर नशे की लत से ठासित व्यक्ति के प्रति सहानुभूति रखे। उसकी लत को छुडाने के लिए इलाज, व्यायाम और मेडिटेशन का सहारा लेवे। कार्यक्रम अधिकारी सुमन के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के बाह्य परिसर में श्रमदान किया। इस अवसर पर सभी स्वयंसेवकों ने उत्साह के साथ गतिविधियों में भाग लिया।

डिजिटल माध्यम की जानकारियां दी

निवाई, (नि.सं.)। सिकोईडिकोन संस्था के माध्यम से मूल अधिकार परियोजना के तहत शुक्रवार को डाक बंगला में युवा बालिकाओं को डिजिटल सखी के माध्यम से सशक्त बनाने हेतु प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें 22 चयनित बालिकाओं की भागीदारी रही। शाखा प्रभारी अनीता शर्मा ने बालिकाओं को प्रशिक्षण के उद्देश्य की जानकारी देते हुए बताया कि डिजिटल माध्यम का उपयोग कर बालिकाएं जेंडर आधारित मुद्दों व स्थानीय समस्याओं से प्रशासन व अधिकारियों को अवगत करवा कर समाधान करवा सकती है। संस्था के स्वराज कार्यालय से ऐश्वर्य गोयल ने बालिकाओं को सोशल मीडिया के नुकसान व फायदे के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए सोशल मीडिया अकाउंट को सुरक्षित रखने की महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बालिकाओं को एप के माध्यम से वीडियो एडिटिंग के महत्वपूर्ण टिप्स की भी जानकारी देकर अभ्यास करवाया। संस्था से ममता शर्मा ने बालिकाओं को सोशल मीडिया का उचित व सीमित समय के लिए उपयोग करने हेतु प्रेरित किया।

भजन एवं सत्संग कार्यक्रम हुआ

राजगढ़, (नि.सं.)। संत सदगुरु देव सतपाल जी महाराज के शिष्य महात्मा केवलयानन्द जी हरिद्वार ने टेलीफोन एक्सचेंज के पास भजन एवं सत्संग कार्यक्रम में प्रवचन दिए। सत्संग समारोह में बोलते हुए कहा कि मनुष्य को संसार में सार वस्तु को ठाहण करना चाहिए उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति ज्ञान प्राप्त कर लेता है वह संसार के आवागमन से मुक्त हो जाता है 84 लाख योनियों में उसे भटकना नहीं पड़ता आगे बोलते हुए महात्मा जी ने कहा कि प्रभु परमात्मा ने हम पर बड़ी दया की है बड़ी कृपा की है और हमको मनुष्यतन दिया है लेकिन हमने मनुष्य तन पाकर भी संसार की बुराइयों को ही ठाहण किया है भगवान के सार तत्व को नहीं जाना ज्ञान को नहीं जाना तो हमारा जीवन व्यर्थ है। इस अवसर पर मंजू सैनी, गुड्डी सैनी, मांगी छिपी, मीनाक्षी रावत,सुनीता छिपी, चमेली देवी, कांता तांबी दीप्ति रावत ललिता देवी पूनम देवी श्वेता देवी गीता सोनी मंजू अनन्या,अपूर्वा सहित काफी महिलाओं ने भाग लिया।

बाल आश्रम में कपड़े व फल बांटे

शाहपुरा, (नि.सं.)। जगदंबा ग्रुप शाहपुरा की टीम ने शुक्रवार को चंदवाजी के सिरोही बाल आश्रम में पहुंचकर वहां रह रहे अनाथ बच्चों को गर्म कपड़े, लड्डू, फल, फ्रूट वितरित किए। इन बच्चों के संग काफी हँसी खुशी के साथ समय बिताया जिससे ये मासूम बच्चे बहुत खुश हुए। कमलेश कुमार यादव ने बताया कि हमारी संस्था की टीम इसी प्रकार हर बार नव वर्ष पर ऐसे बच्चों के साथ खुशियां बांटते हैं। टीम में मुख्य रूप से कमलेश कुमार यादव, जयनारायण यादव, कैलाश यादव, मुकेश यादव, विक्रम यादव, अर्जुन यादव, बाबु लाल यादव, सुभाष यादव, सतवीर यादव, प्रहलाद यादव, मनीष यादव,विक्रम यादव सैकड़ो लोग मौजूद थे।

सांसद को शुभकामनाएं दी

मनोहरपुर, (नि.सं.)। भाजपा युवा मोर्चा के शिवम् कमल शर्मा ने नववर्ष के अवसर पर जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नववर्ष की बधाई दी और मनोहरपुर के विकास कार्यों पर चर्चा की। शिवम् कमल शर्मा ने मनोहरपुर को पूर्ण रूप से तहसील और उपखंड स्तर का कार्यकाल बनाने की मांग रखी। इसके अलावा, उन्होंने मनोहरपुर के बाजारों में आये दिन लगने वाले जाम की समस्या और टोल मनोहरपुर के अवरूद्ध पड़े के कार्यों पर भी चर्चा की। इस मुलाकात के दौरान भाजपा युवा मोर्चा के कई कार्यकर्ता मौजूद थे, जिनमें महावीर प्रजापति, दिनेश सैनी, कृष्ण साव, मनोज शर्मा, पंकज कुमार और मोहित बिडावत शामिल थे।

'मातृशक्ति सम्मान समारोह' मनाया

अलवर, (निसं.)। अलवर जिला सैनी महासभा के तत्वाधान मे शुक्रवार को भारतवर्ष की प्रथम महिला शिक्षिका, महान समाज सुधारिका माता सावित्रीबाई फूले की 194वीं जयन्ती, काशीराम का चौराहा के पास स्थित सैनी समाज सभा भवन परिसर में "मातृशक्ति सम्मान समारोह" के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैनी महासभा जिलाध्यक्ष पूर्णमल सैनी ने की।

संजय कुमार सैन को बधाई दी

मनोहरपुर, (नि.सं.)। संजय कुमार सैन के डीआईजीपी (एडिशनल सीपी) बनने पर शाहपुरा व मनोहरपुर में खुशी की लहर दौड़ गई है। मनोहरपुर के जाफ़र लोहानी, मोहम्मद फरमान पठान, मजदूर नेता अब्दुल अज़ीज़ लोहानी ने सेन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

गौकशी मामले में 2 जने गिरफ्तार, गौ सेवकों ने किया प्रदर्शन

टोंक, (नि.सं.)। जिले के बरौनी पुलिस थानांतर्गत पहाड़ी गांव के समीप गौकशी से गुस्साए गौ सेवकों ने शुक्रवार को टोंक पहुंच करके घंटाघर सर्किल पर जाम लगा करके प्रदर्शन किया।साथ ही धरने पर बैठ गए वही गुस्साए गौ सेवकों ने टायर जला करके नाराजगी व्यक्त की। बाद में एसडीएम टोंक हुकमीचंद रोहलानिया,एडिशनल एस पी ब्रजेश भाटी ने नाराज लोगों से समझाईश की आखिर करीबन चार घंटे बाद देर शाम को खालिद पुत्र सादिक जाती अब्बासी उम्र 26साल निवासी शेरु भाई की गली तालकटोरा थाना कोतवाली टोंक, साजिद पुत्र मकसूद जाति पठान मुसलमान उम्र 40 वर्ष निवासी बहीर पायगा थाना कोतवाली टोंक को गिरफ्तारी किया गया तथा शेष लिप्त आरोपियों को जल्दी ही पकड़े जाने के आश्वासन के बाद जाम हटाया गया।जिस दौरान पुलिस उपाधीक्षक टोंक राजेश विद्यार्थी,कोतवाली टोंक पुलिस थानाधिकारी भंवर लाल वैष्णव,पुरानी टोंक थानाधिकारी उदयवीर सिंह तथा सदर पुलिस थानाधिकारी बृजमोहन कविया सहित भारी पुलिस जाप्ता तैनात किया गया था।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बरौनी पुलिस थानांतर्गत नेशनल हाईवे52 जयपुर कोटा के पहाड़ी गांव के पास एक निजी फॉर्म हाउस के समीप 31दिसंबर की रात को अज्ञात कुछेक लोगों ने वहां गौ कशी की थी।जिसका पता बृहस्पतिवार की देर शाम को भाजपा युवा मोर्चा टोंक के जिलाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा सहित गौ सेवकों को चला तो वह घटनास्थल पहुंच गए।साथ ही बरौनी पुलिस को सूचना दी तो थानाधिकारी मानवेंद्र सिंह भी पुलिस जाप्ता सहित घटनास्थल पहुंचे।जिसकी सूचना पुलिस के आला अफसरों को मिली तो प्रशासन हरकत में आ गया जिसने गौकशी का मामला दर्ज करके जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने पुलिस टीम गठित की तथा जांच निवाई पुलिस उपाधीक्षक मृत्युंजय शर्मा को सौंपी।वहीं घटना स्थल से एफएसएल टीम ने सैंपल लिए है।इस मामले में भाजपा युवा मोर्चा टोंक के जिलाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा की अगुवाई में सैकड़ों गौ सेवक अपने साथ मृत गाय के अवशेष लेकर टोंक पहुंच गए जिन्होंने घंटाघर सर्किल के चारों तरफ रास्ता रोक करके प्रदर्शन किया।वाहनों की लंबी कतार लग गई पुलिस को गांधी पार्क गोपालजी का मंदिर तथा सुभाष बाजार से पटेल सर्किल की तरफ वाहनों को निकालना पड़ा। भाजपा उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पांडे, महामंत्री दीपक संगत,अमित छामुनिया भी मौजूद रहे।

समरावता मामले के 38 आरोपियों को मिली जमानत

टोंक, (नि.सं.)। समरावता थप्पड काण्ड के 38 आरोपियों को जमानत मिली। उनियारा थाना क्षेत्र के उपचुनाव को लेकर 13 नवम्बर 2024 को हुए एसडीएम मालपुरा व निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा के बीच समरावता गांव में तहसील उनियारा को हटाकर देवली किया गया था, जिसे लेकर गांव के लोग निराश थे, उन्हे कई समस्याओं का सामना करना पड रहा था, जहां वोट नही देने को लेकर बहिष्कार किया गया था, जिसमें एसडीएम अमित चौधरी को नरेश मीणा ने थप्पड जड दिया था। जिसे लेकर पूरे राजस्थान में बवाल मच गया तथा समरावता गांव में लाठी भांठा जंग सहित पुलिस द्वारा आसुं गैस के गोले छोडे गये, जिसमें कई व्यक्ति व महिला व पुलिसकर्मी घायल हुए। उपद्रव मचाने वालो को पुलिस ने डिटेन कर जेल भेजा था, जिसे लेकर आज राजस्थान हाईकोर्ट के जस्टिस प्रवीर भटनागर की एकल पीठ ने जमानत याचिकाओं को मंजूर कर ली है।

याचिकाकर्ताओं की ओर से वकील महेन्द्र शाण्डील्य, राजेन्द्र सिंह तंवर, विकास सैनी, महेश शर्मा व कपिल गुप्ता ने पैरवी की है। पुलिस ने 81 जनो के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जहां जिला न्यायालय से 41 आरोपियों की जमानत याचिका खारिज हुई थी। जिसे लेकर आरोपियों ने राजस्थान हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जहां आज 38 लोगों की जमानत याचिका मंजर कर ली है। जिन्हे जेल रिहा करने के आर्डर मिले चुके है। पुलिस ने मामले में चाक चौबंध व्यवस्था कर ली है।

सर्व ब्राह्मण महासभा का स्नेह मिलन समारोह आयोजित

टोंक, (नि.सं.)। सर्व ब्राह्मण महासभा जिला टोंक की ओर से नव वर्ष स्नेह मिलन समारोह के तहत जिला कार्यकारणी की बैठक में नव निर्वाचित अभिभाषक संघों के अध्यक्षगणों का सम्मान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

महासभा के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने बताया की सर्व प्रथम भगवान परशुराम जी के चित्र पर मुख्य अतिथि द्वारा मल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर बैठक की शुरुआत की।

महासभा के प्रमुख महामंत्री ब्रजराज स्नेही ने महासभा की 2005 से अभी तक की गतिविधियों का प्रतिवेदन सदन के समक्ष प्रस्तुत किया।

बाद में जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा ने परामर्शदात्री समिति की बैठक में लिए गए प्रस्ताव, जिसमें महासभा की और से स्मारिका छपवाने, छात्रावास हेतु भूमि आवंटन, जिला कार्यकारणी में परिवर्तन, विस्तार से राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराया।

उक्त सभी प्रस्तावों का राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा अनुमोदन किया गया।

समारोह में जिला अभिभाषक संघ टोंक के अध्यक्ष सुधीर मिश्रा, अभिभाषक संघ मालपुरा के अध्यक्ष राजेन्द्र राजपुरोहित, नमोनारायण गौतम, अनुराग शर्मा , कोषाध्यक्ष महेंद्र का माला , दुपट्टा,साफा एवं अभिनंदन पत्र देकर राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा सम्मान किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने सम्मानित होने वाले सभी विप्र बंधुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा की समाज की प्रतिभावों का सम्मान करना हमारा दायित्व है।

उन्होंने सर्व ब्राह्मण महासभा जिला संगठन की प्रशंसा करते हुए कहा की आयोजनों से समाज व संगठन को मजबूती मिलती है। उन्होंने टोंक जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा के अभी तक के कार्यकाल को सर्वश्रेष्ठ बताते हुए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विष्णुदत्त खांडल , ज्ञानेन्द्र श्रोतिय, शंभुदयाल शर्मा , इंदुशेखर शर्मा टोडारायसिंह बाबू लाल शर्मा चंद्रप्रकाश शर्मा , महंत सुरेश दुबे, सौभागमल शर्मा ,रामप्रसाद शर्मा , विष्णु पारीक , दुर्गाशंकर शर्मा, राधाकृष्ण दाधीच गोविन्दनारायण पुरोहित , डॉ प्रेमशंकर शर्मा , दुर्गा शंकर शर्मा ,विवेक शर्मा राजेश जोशी उनियारा, कैलाश पंचोली देवली रमेश चंद शर्मा देवली,प्रदीप पारीक निवाई राजेश भट्ट, दिनेश तिवाड़ी ओमप्रकाश शर्मा, प्रहलाद नीमावत, मुरलीमनोहर शर्मा , भुवनेश शर्मा, लक्ष्मीकांत शर्मा ,गौतम प्रसाद गौतम, कुलदीप शर्मा , राजेंद्र पारीक , अनिल शर्मा, महेश शर्मा , सुरेन्द्र शर्मा रमेश चन्द शर्मा, रामस्वरूप पंचोली दशरथ किशोर शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा जोला, विष्णुबाबु शर्मा , सुरेन्द्र शर्मा कनिष्क शर्मा , अंकुर जोशी, कार्तिकेय शर्मा सहित कई जने सदस्य मौजूद रहे।

यातायात नियमों की जानकारी दी

अलवर, (नि.सं.)। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि परिवहन एवं सडक विभाग द्वारा 'अलवर परवाह' की थीम पर 31 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह 2025 के तीसरे दिन आज परिवहन विभाग के द्वारा यातायात नियमों की जानकारी व प्रवर्तन संबंधित कार्रवाई की।

उन्होंने बताया कि विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी कमल दुबे द्वारा प्राइवेट बस स्टैण्ड राजगढ पर कैम्प आयोजित कर 70 से अधिक हल्के एवं भारी वाहन चालकों एवं परिचालकों को सडक एवं यातायात नियमों संबंधी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक नीमराणा सचिन शर्मा एवं परिवहन निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा लगभग 70 आम नागरिकों को सडक सुरक्षा, प्राथमिक चिकित्सा एवं गुड सेमेरिटन नियमों की जानकारी दी तथा 100 पम्पलेट वितरित किए गए। ट्रैफिक पुलिस एवं परिवहन उडन दस्तों द्वारा 50 वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई।

सीसी सड़क तोड़कर पाइपलाइन बिछाने पर ग्रामीणों का हंगामा

नारायणपुर, (नि.सं.)। कस्बे के धामेड़ा रोड स्थित मोरड़ी की ढाणी में जल जीवन मिशन योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने का काम ग्रामीणों के आक्रोश का कारण बन गया है। नव निर्मित सीसी सड़क को तोड़कर पाइपलाइन बिछाने पर ठेकेदार की मनमानी के खिलाफ ग्रामीणों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों का कहना है कि उनकी ढाणी में वर्षों बाद सीसी सड़क बनी थी, जो आवागमन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन ठेकेदार ने सड़क के किनारे कच्ची पटरी का इस्तेमाल करने के बजाय जेसीबी मशीन से सीसी सड़क को तोड़ना शुरू कर दिया। जब ग्रामीणों ने ठेकेदार से इस पर आपत्ति जताई और काम रोकने की मांग की, तो उसने उनकी बातों को अनसुना कर दिया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर सड़क को इस तरह से क्षतिग्रस्त किया गया तो न केवल आवागमन में कठिनाई होगी, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाएगी।

उन्होंने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई और काम बंद कराने की मांग की है। इधर जलदाय विभाग की जेईएन निशा मीणा ने कहा कि ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा। काम को तुरंत रोक दिया जाएगा, और कल मौके पर जाकर समाधान निकाला जाएगा।

इस विरोध प्रदर्शन के दौरान रामेश्वर सैनी, श्यामलाल सैनी, फूलचंद सैनी, श्रीराम यादव, मुसाराम सैनी, जयराम सैनी, प्रहलाद सैनी, गणपत यादव सहित ढाणी के अनेक ग्रामीण शामिल हुए।

जनसम्पर्क किया

मालपुरा, (निस) सेवा भारती समिति मालपुरा एवं रोटरी क्लब मालपुरा सीटी के संयुक्त तत्वाधान मे 12 जनवरी स्वामी विवेकानन्द जयंति को समारोह पूर्वक मनाने एवं रक्तदान को लेकर समिति ने शुक्रवार को शहर में जनसम्पर्क किया। रक्तदान शिविर संयोजक डॉ. राजकुमार गुप्ता व समिति के भानूप्रताप नामा ने बताया कि समिति पदाधिकारियो ने स्वामी विवेकानन्द जयंति समारोह व रक्तदान शिविर को लेकर केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी सहित शहर के गणमान्य लोगो से डोर टू डोर पहुंच ज्यादा से ज्यादा रक्तदान महादान मे सहभागी बनने का आग्रह किया गया। समिति के मधुसुदन पारीक,सुरेन्द्र कुमार नामा,वैद्य रमेश चन्द शर्मा,डॉ. अंकित जैन,डॉ. राजकुमार गुप्ता, गोविन्दनारायण विजय आदि ने 12 जनवरी को आयोजित कार्यक्रमो की सुची का पत्रक लोगों को देते हुये रक्तदान की अपील की।

सावित्रीबाई की जयंती मनाई, 135 यूनिट रक्तदान हुआ

चाकसू, (नि.सं.)। सूरजकुंड रोड मनोहरा तालाब की पाल पर महात्मा ज्योतिबा फुले माली समाज सेवा संस्थान में सावित्रीबाई फुले की जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ।

मुख्य आयोजन करता ओम शंकर सैनी ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़, के प्रदेश महासचिव किरोड़ीलाल सैनी, जयपुर शहर के कांठोस यूथ अध्यक्ष राकेश सैनी,यूथ के भोमा राम सैनी ,भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अशोक भादरा,ओबीसी मोर्चा के मुकेश सैनी , राजस्थान यूनिवर्सिटी प्रतिनिधि रही रितु बराला थे। समाज के लोगों ने मुख्य अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। इस दौरान दर्जनों लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने बताया कि सावित्रीबाई फुले देश की न सिर्फ पहली महिला शिक्षिका थी, बल्कि महान समाजसेविका और नारी मुक्ति आंदोलन की प्रणेता भी थीं। उनका पूरा जीवन समाज के वंचित तबके खासकर महिलाओं और दलितों के अधिकारों के लिए संघर्ष में बीता। वे हमेशा महिलाओं और वंचितों की शिक्षा के लिए जोरदार तरीके से आवाज उठाती रहीं।

वे अपने समय से बहुत आगे थीं और उन गलत प्रथाओं के विरोध में हमेशा मुखर रहीं। शिक्षा से समाज के सशक्तिकरण पर उनका गहरा विश्वास था। उनके पति ज्योतिराव फुले भी एक प्रसिद्ध चिंतक और लेखक थे। जब महाराष्ट्र में अकाल पड़ा तो सावित्रीबाई और महात्मा फुले ने जरूरतमंदों की मदद के लिए अपने घरों के दरवाजे खोल दिए थे। सामाजिक न्याय का ऐसा उदाहरण विरले ही देखने को मिलता है। रक्तदान शिविर में 135 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ है। मुख्य अतिथियों द्वारा रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर समाज अध्यक्ष राधेश्याम मोरिया जादम भाजपा नेता लालाराम जादम, गिर्राज डूंगरी, रामगोपाल सैनी , हर्ष सैनी, हरिशंकर गौतम , शुभम सैनी, सहित अन्य समाज सेवी मौजूद रहे।

बीसलपुर पेयजल लाइन डैमेज, पानी नहीं पहुंचा

सांभरझील, (निसं)। बीसलपुर परियोजना की पेयजल लाइन मालपुरा में पूरी तरह ठीक होने से पहले ही फिर से डैमेज हो गई। सांभर व आसपास के गांवों की कई दिनों से नियमित सप्लाई बंद पड़ी है।

करीब डेढ़ दशक पहले बीसलपुर परियोजना की पेयजल लाइन बिछाई गई थी। इससे लाखों लोगों तक पानी पहुंचाने का काम किया जा रहा है। पेयजल लाइन की उम्र पूरी होने के कारण बार-बार पाइपलाइन का फटना बताया जा रहा है। आसपास के गांवों के नजदीक गुजरती पाइप लाइन को पहले कुछ लोग अपने खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए फोड दिया करते थे, लेकिन इसका कोई ठोस प्रमाण नहीं होने के कारण विभाग कोई एक्शन नहीं ले पा रहा था। पहले ग्रीष्मकालीन सत्र में पेयजल की मारामारी और अब भरी सर्दी के मौसम में भी लोग पानी को तरस रहे हैं। स्थानीय जलदाय विभाग को बीसलपुर करीब 12 लाख लीटर पानी सांभर शहर के लिए उपलब्ध करवाता है और इसी से हजारों लोगों की कंठ तर होते हैं। सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता सप्लाई व्यवस्था को अंजाम देने का काम करते हैं क्योंकि यहां के सरकारी कुओं में इतना पर्याप्त पानी नहीं है कि वह पूरे शहर को उपलब्ध करवा सके, इसलिए यहां का जलदाय विभाग भी केवल बीसलपुर पेयजल सप्लाई पर ही आस लगाए बैठा है, क्योंकि उसके पास दूसरा कोई विकल्प नहीं है।

सहायक अभियंता दयारामजी व कनिष्ठ अभियंता ओमप्रकाश वर्मा ने बताया कि मालपुरा की लाइन ठीक तो हो गई थी लेकिन वापस टूट गई एक दो रोज में ठीक होगी उसके बाद सप्लाई का सिस्टम सुधरने की उम्मीद है।

खेतों में जाकर गिरदावरी संबंधी कार्य किया

अलवर, (नि.सं.)। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन पर जिले में विगत दिनों हुई ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्र रामगढ, मालाखेडा, रैणी ब्लॉक में उपखण्ड अधिकारी की मॉनिटरिंग में संबंधित तहसीलदार, भू-अभिलेख निरीक्षक व संबंधित पटवारियों की टीम ने प्रभावित क्षेत्रों के खेतों में जाकर गिरदावरी संबंधी कार्य किया। राज्य सरकार के निर्देशानुसार 15 दिवस में गिरदावरी संबंधित कार्य पूर्ण कर प्रस्ताव आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग को भिजवाए जाएंगे।

जिला कलक्टर डॉ. शुक्ला ने बताया कि जिले में विगत दिनों हुई ओलावृष्टि से फसल खराबे के प्रारम्भिक अनुमान हेतु संबंधित राजस्व अधिकारियों व कृषि विभाग के अधिकारियों को तुरन्त फील्ड में भिजवाया गया था। काश्तकारों को फसल खराबे के मुआवजे व सहायता हेतु नियमानुसार राज्य सरकार द्वारा गिरदावरी की अनुमति के उपरान्त गिरदावरी कराकर मुआवजे के प्रस्ताव आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग को भिजवाए जाने होते हैं।

जिले के प्रभावित क्षेत्रों में गिरदावरी हेतु भिजवाए गए प्रस्तावों पर राज्य सरकार द्वारा 15 दिवस में गिरदावरी कार्य पूर्ण कराकर फसल खराबे की रिपोर्ट आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग को भिजवाने के निर्देश प्राप्त होने पर जिले के प्रभावित क्षेत्रों में गिरदावरी कार्य जारी है।

उन्होंने बताया कि आज संबंधित उपखण्ड अधिकारी की मॉनिटरिंग में तहसीलदार, भू-अभिलेख निरीक्षक व पटवारियों के संयुक्त दल द्वारा रैणी उपखण्ड के राजस्व ग्राम बीलेटा, छिलोडी, पाटणबास व आदूका में तथा मालाखेडा उपखण्ड के राजस्व ग्राम ककरोडा व खरखडा में एवं रामगढ उपखण्ड के राजस्व ग्राम बाघोडी में खेतों में जाकर गिरदावरी संबंधी कार्य किया। उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि जिले के ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में गिरदावरी कार्य को पूर्ण पारदर्शिता के साथ कराकर संबंधित ग्राम पंचायत के सहायता के प्रस्ताव संबंधित पटवारी के द्वारा डीएमआईएस पोर्टल के माध्यम से आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग को ऑनलाइन अपलोड करावे तथा 15 दिवस में गिरदावरी संबंधित कार्य पूर्ण कर प्रस्ताव जिला कलक्टर कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करें।उन्होंने एडीएम प्रथम को निर्देश दिये कि गिरदावरी रिपोर्ट प्राप्त होने पर तत्काल आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग को अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित करे।

नामदेव समाज ने ज्ञापन दिया

मालपुरा, (निस) बीते दिनो अजमेर रोड पर रामबाबू पुत्र कल्याण नामा व उसके परिवारजनो के साथ की गई मारपीट व हमले मे शामिल लोगों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नामदेव समाज ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया।

रामचन्द्र नामा,दुर्गालाल नामा, ओमप्रकाश नामा, गणेश टेलर,शशि प्रताप नामा सहित बडी संख्या में मौजूद नामदेव समाज के लोग पीडित परिवार के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे। सौंपे गये ज्ञापन मे बताया कि अजमेर रोड पर उनकी पुस्तैनी जमीन है। जिसकी रखवाली के लिये परिवार के सभी सदस्य नियमित कृषि कार्य कर रहै थे तथा 28 दिसम्बर की रात तीन से चार दर्जन लोगो ने अचानक वहां सो रहे लोगों पर हमला कर दिया व उनके साथ मारपीट करते हुये पशुओं के चारे को भी नष्ट कर दिया। 14 दिसम्बर को भी उनके बाडे की मेड इत्यादि को नष्ट करने का प्रयास किया।

तिजारा देहरा जैन मंदिर में भोजनशाला व यात्री निवास का लोकार्पण

तिजारा, (नि.सं.)। केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को संसदीय क्षेत्र अलवर के तिजारा देहरा जैन मंदिर में भोजनशाला व यात्री निवास का लोकार्पण किया और भगवान चंद्रप्रभु के दर्शन कर पूजा की।

इस दौरान तिजारा विधायक महंत योगी बालक नाथ, पूर्व विधायक मामन सिंह, अलवर शहर पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल संजय नरूका सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम के उपरांत केंद्रीय मंत्री शहिद कंवर पाल सिंह चौहान की 17 वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में गांव कुतिना पहुंचे। वहां से केंद्रीय मंत्री मुंडावर के चिरूणी और खैरथल के खेल मैदान पर सांसद खेल उत्सव के तहत हो रही क्रिकेट खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करने पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान देहरा जैन मंदिर के अध्यक्ष मुकेश जैन ने मंदिर ट्रस्ट की और से चलाए जा रहे कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया।

जिसमें बीएड कालेज, सिनियर सैकंडरी स्कूल, औषधालय,पक्षी अस्पताल आदि के बारे में विस्तार से प्रकाश डालते हुए जानकारी दी। इस मौके पर देहरा जैन मंदिर ट्रस्ट की और से केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव विधायक महंत योगी बालक नाथ सहित अतिथियों का शाल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया।

कार्यक्रम में भामाशाह प्रवीण, प्रदीप एवं दीपक परिवार सहित अनूप अग्रवाल,नवीन , अशोक गोयल, मुकेश जैन अलवर, शील जैन को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर नरेश